150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / माध्य / सीएसआर / 61017 / 2019–20 /234 दिनांक – 16/09/2020

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा, समस्त जिले।

**विषय** :– वर्ष 2019–20 में पूर्व विद्यार्थी व भामाशाह दानदाता सम्मेलन तथा वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में प्राप्त सहयोग राशि के संबंध में।

**प्रंसग** :– रामाशिप / जय / CSR / एनआईसी / 2017 / 14286 दिनांक 26.08.2020 के क्रम में।

उपरोक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में लेख है कि वर्ष 2019–20 में आदर्श व उत्कृष्ट विद्यालयों हेतु पूर्व विद्यार्थी व दानदाता सम्मेलन तथा वार्षिकोत्सव व पुरूस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया था। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के पत्रांक रास्कूशिप / जय / आदर्श उत्कृष्ट विद्यालय प्रकोष्ठ / 2019 –20 / 10537 दिनांक 19.02.2020 द्वारा भामशाह / दानदाताओं द्वारा प्राप्त सहयोग की सूचना शाला दर्पण पद इन्द्राज करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसकी अनुपालना में 17685 विद्यालयों द्वारा समेकित सूचना इन्द्राज की गई है।

उपरान्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के प्रासंगिक पत्र दिनांक 26.08.2020 द्वारा भामाशाह / दानदातओं से राज्य स्तर से सम्पर्क कर विद्यालयों हेतु और अधिक सहयोग प्राप्त करने के उद्देश्य से तथा घोषणाओं की क्रियान्विती हेतु शाला दर्पण पर एक प्रपत्र आंरभ किया गया था। जिसमें सभी विद्यालय जहाँ पर उपरोक्त कार्यक्रम आयोजित हुए है, के द्वारा भामाशाह / दानदाताओं के विवरण सहित उनके द्वारा विद्यालयवार दान की गई राशि / सामान का विवरण अंकित किया जाना है। विद्यालयों द्वारा सूचना प्रविष्ट करने की प्रक्रिया पत्र के साथ संलग्न है।

आदिनांक तक उक्त प्रविष्टि की जिलेवार प्रगति रिर्पोट संलग्न है जो कि अत्यन्त न्यून है। यह रिपोर्ट शाला दर्पण पोर्टल पर लॉगइन उपरान्त Management - Community Engagement में जाकर देख सकते है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित संलग्न प्रक्रिया अनुसार अपने क्षेत्र के विद्यालयों से पूर्व विद्यार्थी व दानदाता सम्मेलन तथा वार्षिकोत्सव व पुरूस्कार वितरण समारोह में भामाशाह / दानदाता का विवरण एवं उनके द्वारा विभिन्न विद्यालयों को प्रदान की गई लागत / राशि का विवरण विद्यालयवार अंकित करवाना सुनिश्चित करें। उक्त कार्य को 07 दिवस में पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

www.rajteachers.com

(सौरभ स्वामी)
**IAS**
निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / माध्य / सीएसआर / 61017 / 2019–20 दिनांक –

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

01. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान, सरकार।
02. निजी सहायक, आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।

कार्यालय का पता :– कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर
दूरभाष :– 0151–2522238 Email ID : off.csr.dse@rajasthan.gov.in

03. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त मण्डल।

04. प्रभारी अधिकारी, सी.एस.आर. प्रकोष्ठ, जयुपर को उनके पत्रांक रामाशिप/जय/CSR/एनआईसी/2017/14286 दिनांक 26.08.2020 के क्रम में।

05. रक्षित पत्रावली।

जिला शिक्षा अधिकारी
(आदर्श विद्यालय प्रकोष्ठ)
मा.शि., राजस्थान, बीकानेर

www.rajteachers.com

कार्यालय का पता :– कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर
दूरभाष :– 0151–2522238 Email ID : off.csr.dse@rajasthan.gov.in

## एलुमनाई मीट दानदाता व विद्यालयवार प्रविष्टि प्रगति रिपोर्ट

## Annual Function and Alumni Meet Donor and School wise Entry Progress Report

| क्र. सं. | जिला / ब्लॉक / विद्यालय | आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रमों की संख्या | आयोजित पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन संख्या | पूर्व प्रपत्र में प्रविष्ट कुल राशि | विद्यालय जिनकी प्रविष्टि की गई | दान करने वालो भामाशाहो की सं. | नकद राशि से सबंधित सूचना | | | | विद्यालयों हेतु प्राप्त सामग्री की लागत राशि | | | | विद्यार्थियों हेतु प्रदान राशि/सामग्री लागत राशि | | | | पूर्व प्रविष्ट व नवीन प्रविष्ट राशि का अंतर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | दान दाताओं की सं. | विद्या. की सं. | घोषणा की राशि | विद्या. को प्राप्त राशि | दान दाताओं की सं. | विद्या. की सं. | घोषणा की राशि | विद्या. को प्राप्त राशि | दान दाताओं की सं. | विद्या. की सं. | घोषणा की राशि | विद्या. को प्राप्त राशि | |
| 1 | AJMER | 518 | 479 | 28149145 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | -28149145 |
| 2 | ALWAR | 1116 | 1010 | 67626864 | 1 | 2 | 2 | 1 | 2950 | 2950 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | -67623914 |
| 3 | BANSWARA | 565 | 529 | 20538449 | 2 | 3 | 1 | 1 | 20000 | 20000 | 1 | 1 | 45000 | 45000 | 1 | 1 | 150000 | 150000 | -20323449 |
| 4 | BARAN | 317 | 281 | 11491106 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | -11491106 |
| 5 | BARMER | 813 | 767 | 71331771 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | -71331771 |
| 6 | BHARATPUR | 613 | 572 | 18515440 | 2 | 32 | 1 | 1 | 1000 | 1000 | 28 | 1 | 134800 | 100700 | 3 | 1 | 5200 | 5200 | -18408540 |
| 7 | BHILWARA | 718 | 678 | 40832211 | 1 | 6 | 5 | 1 | 10500 | 10500 | 1 | 1 | 8600 | 8600 | 0 | 0 | 0 | 0 | -40813111 |
| 8 | BIKANER | 543 | 519 | 22861850 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | -22861850 |
| 9 | BUNDI | 400 | 379 | 12494306 | 4 | 31 | 31 | 4 | 34810 | 34810 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | -12459496 |
| 10 | CHITTAURGARH | 530 | 476 | 17940198 | 3 | 1 | 1 | 1 | 5100 | 2100 | 1 | 1 | 100000 | 51000 | 1 | 1 | 10000 | 3000 | -17884098 |
| 11 | CHURU | 439 | 414 | 20278983 | 1 | 16 | 16 | 1 | 85710 | 85710 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | -20193273 |
| 12 | DAUSA | 335 | 317 | 15603764 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | -15603764 |
| 13 | DHAULPUR | 314 | 301 | 15034456 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | -15034456 |
| 14 | DUNGARPUR | 494 | 443 | 11828327 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | -11828327 |
| 15 | GANGANAGAR | 645 | 590 | 39933031 | 47 | 262 | 175 | 23 | 224800 | 224800 | 69 | 23 | 2402044 | 1335144 | 26 | 13 | 165250 | 94250 | -38278837 |
| 16 | HANUMANGARH | 421 | 389 | 24720989 | 24 | 136 | 79 | 17 | 197250 | 197250 | 37 | 14 | 346230 | 166230 | 23 | 6 | 54830 | 51815 | -24305694 |
| 17 | JAIPUR | 1165 | 1055 | 91686991 | 8 | 30 | 15 | 4 | 68600 | 63500 | 13 | 4 | 125495 | 125495 | 3 | 2 | 1450 | 1450 | -91496546 |
| 18 | JAISALMER | 247 | 234 | 15114960 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | -15114960 |
| 19 | JALOR | 438 | 406 | 51340597 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 3000 | 3000 | 1 | 1 | 39000 | 39000 | -51298597 |
| 20 | JHALAWAR | 531 | 481 | 10966155 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | -10966155 |
| 21 | JHUNJHUNUN | 543 | 540 | 61913278 | 6 | 26 | 18 | 2 | 60100 | 60100 | 3 | 3 | 121000 | 21000 | 5 | 3 | 14850 | 14850 | -61817328 |
| 22 | JODHPUR | 748 | 701 | 55926575 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | -55926575 |

www.rajteachers.com

| क्र. सं. | जिला / ब्लॉक / विद्यालय | आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रमों की संख्या | आयोजित पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन संख्या | पूर्व प्रपत्र में प्रविष्ट कुल राशि | विद्यालय जिनकी प्रविष्टि की गई | दान करने वालो भामाशाहो की सं. | नकद राशि से सबंधित सूचना | | | | विद्यालयों हेतु प्राप्त सामग्री की लागत राशि | | | | विद्यार्थियों हेतु प्रदान राशि/सामग्री लागत राशि | | | | पूर्व प्रविष्ट व नवीन प्रविष्ट राशि का अंतर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | दान दाताओं की सं. | विद्या. की सं. | घोषणा की राशि | विद्या. को प्राप्त राशि | दान दाताओं की सं. | विद्या. की सं. | घोषणा की राशि | विद्या. को प्राप्त राशि | दान दाताओं की सं. | विद्या. की सं. | घोषणा की राशि | विद्या. को प्राप्त राशि | |
| 23 | **KARAULI** | 350 | 331 | 19114474 | 1 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 91000 | 11000 | 1 | 1 | 2500 | 2500 | -19100974 |
| 24 | **KOTA** | 316 | 282 | 16199560 | 3 | 10 | 6 | 2 | 16300 | 16300 | 4 | 1 | 25000 | 25000 | 0 | 0 | 0 | 0 | -16158260 |
| 25 | **NAGAUR** | 694 | 658 | 57875451 | 2 | 43 | 41 | 1 | 26450 | 26450 | 1 | 1 | 25000 | 0 | 1 | 1 | 31000 | 31000 | -57818001 |
| 26 | **PALI** | 591 | 538 | 41983799 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | -41983799 |
| 27 | **PRATAPGARH** | 255 | 242 | 7737732 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | -7737732 |
| 28 | **RAJSAMAND** | 420 | 393 | 17820331 | 1 | 4 | 4 | 1 | 8250 | 8250 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | -17812081 |
| 29 | **S.MADHOPUR** | 351 | 343 | 25233191 | 1 | 21 | 12 | 1 | 35600 | 35600 | 8 | 1 | 197000 | 104000 | 4 | 1 | 4600 | 4600 | -25088991 |
| 30 | **SIKAR** | 601 | 567 | 52612939 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 50000 | 50000 | 1 | 1 | 2000 | 2000 | -52560939 |
| 31 | **SIROHI** | 314 | 297 | 11537703 | 2 | 19 | 0 | 0 | 0 | 0 | 19 | 2 | 180700 | 180700 | 0 | 0 | 0 | 0 | -11357003 |
| 32 | **TONK** | 423 | 398 | 17206693 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | -17206693 |
| 33 | **UDAIPUR** | 1071 | 941 | 36472206 | 2 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 2 | 80100 | 80100 | 0 | 0 | 0 | 0 | -36392106 |
| | | 17839 | 16551 | 1029923525 | 114 | 655 | 407 | 61 | 797420 | 789320 | 195 | 58 | 3934969 | 2306969 | 70 | 32 | 480680 | 399665 | -1026427571 |

www.rajteachers.com

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, एकलव्य भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017
दूरभाषः 0141–2715551 E-mail: csr.edu.raj@gmail.com


क्रमांक : रामाशिप / जय / CSR / एनआईसी / 2017 / 14286 दिनांक : 26/08/2020

**मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं**

**पदेन जिला परियोजना समन्वयक,**

**समग्र शिक्षा, समस्त जिले।**

**विषयः वर्ष 2019–20 में पूर्व विद्यार्थी व भामाशाह दानदाता सम्मेलन तथा वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में प्राप्त सहयोग राशि के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है वर्ष 2019–20 में आदर्श व उत्कृष्ट विद्यालयों हेतु पूर्व विद्यार्थी व दानदाता सम्मेलन तथा वार्षिकोत्सव व पुरूस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में भामाशाह / दानदाताओं द्वारा विद्यालयों को लगभग 90 करोड़ रुपये का सहयोग दिया गया। इस सम्बन्ध में परिषद् के आदेश क्रमांक– रास्कूशिप / जय / आदर्श उत्कृष्ठ विद्यालय प्रकोष्ठ / 2019–20 / 10537 दिनांक 19.02.2020 द्वारा शाला दर्पण पर इन्द्राज करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसकी अनुपालना में 17685 विद्यालयों द्वारा समेकित सूचना इन्द्राज की गई है।

उपरोक्त इन्द्राज की गई सूचनाओं के विश्लेषण उपरान्त भामाशाह / दानदाताओं से राज्य स्तर से सम्पर्क कर विद्यालयों हेतु और अधिक सहयोग प्राप्त करने के उद्देश्य से तथा घोषणाओं की क्रियान्विती हेतु शाला दर्पण पर एक प्रपत्र प्रारंभ किया गया है। जिसमें सभी विद्यालय जहाँ पर उपरोक्त कार्यक्रम आयोजित हुए है, के द्वारा भामाशाह / दानदाताओं के विवरण सहित उनके द्वारा विद्यालयवार दान की गई राशि / सामान का विवरण अंकित किया जाना है। सूचना प्रविष्ट करने की प्रक्रिया पत्र के साथ संलग्न है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित संलग्न प्रक्रिया अनुसार अपने क्षेत्र के विद्यालयों से पूर्व विद्यार्थी व दानदाता सम्मेलन तथा वार्षिकोत्सव व पुरूस्कार वितरण समारोह में भामाशाह / दानदाता का विवरण एवं उनके द्वारा विभिन्न विद्यालयों को प्रदान की गई राशि / लागत राशि का विवरण विद्यालयवार अंकित करवाना सुनिश्चित करें। नवीन प्रपत्र में सूचनाऐं प्रविष्ट करने से पहले पूर्व में **वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह एवं पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजन** से सम्बन्धित प्रपत्र में भरी गई सूचनाओं को जांच करें। यदि संशोधन अपेक्षित हो तो उपरोक्त प्रपत्र में उपलब्ध अद्यतन लिंक के माध्यम से सूचना आवश्यक रूप से अद्यतन करके ही नवीन प्रपत्र में सूचनाओं की प्रविष्टि करें।

**संलग्नः– उपरोक्तानुसार**

www.rajteachers.com

(बाबू लाल मीणा)
आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक

प्रतिलिपि सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान जयपुर।
2. निजी सहायक, आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
3. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान, जयपुर।
4. निदेशक, माध्यमिक / प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर।

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, एकलव्य भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017

दूरभाष: 0141–2715551 E-mail: csr.edu.raj@gmail.com


क्रमांक : रामाशिप / जय / CSR / एनआईसी / 2017 / 14286 दिनांक : 26/08/2020

6. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समस्त जिले को देकर लेख है कि अपने जिले के समस्त विद्यालयों से सूचनाऐं शाला दर्पण पर अंकित करवाना सुनिश्चित करें।
7. समस्त सीबीईईओ को देकर लेख है कि ब्लॉक से संबंधित विद्यालयों का निर्धारित प्रक्रियानुसार सूचनाऐं प्रविष्ट करने की मॉनिटरिंग करें। इस हेतु शाला दर्पण पर सीबीईओ लॉगिन के कम्यूनिटी एंगेजमेंट लिंक पर प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध है।
8. प्रभारी अधिकारी, शाला दर्पण, मा.शि. / प्रारं.शि. निदेशालय बीकानेर
9. उपनिदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, रा.स्कू.शि.प. जयपुर देकर लेख है कि वे समस्त विद्यालयों के लॉगिन पर इस प्रदर्शित करवाना सुनिश्चित करें।
10. प्रभारी अधिकारी, सीएसआर प्रकोष्ठ, मा.शि. निदेशालय बीकानेर को देकर लेख है कि वे निदेशालय स्तर से भी इस सम्बन्ध में निर्देशित करवाना सुनिश्चित करें।
11. समस्त संस्था प्रधान, राजकीय विद्यालय।
12. रक्षित पत्रावली।

21.8.20

अति. राज्य परियोजना निदेशक

www.rajteachers.com

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, एकलव्य भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017
दूरभाष: 0141–2715551 E-mail: csr.edu.raj@gmail.com

## वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह 2019–20 तथा पूर्व विद्यार्थी व संभावित दानदाता सम्मेलन 2019–20 में प्राप्त राशि/सामग्री का भामाशाह व विद्यालयवार सूचना प्रविष्टि करने की प्रकिया

### प्रस्तावना–

वर्ष 2019–20 में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह आदर्श व उत्कृष्ट विद्यालयों में आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसके साथ तथा पूर्व विद्यार्थी व संभावित दानदाता सम्मेलन पंचायत स्तर पर आदर्श विद्यालयों के साथ तथा शहरी क्षेत्र में सामूहिक आयोजन हेतु निर्देशित किया गया था। इन कार्यक्रमों में भामाशाहों द्वारा विद्यालय हेतु नकद राशि, सामग्री तथा विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किये गये थे। वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह तथा पूर्व विद्यार्थी व संभावित दानदाता सम्मेलन 2019–20 के मॉनिटरिंग हेतु शाला दर्पण पर उपलब्ध कराये गये प्रपत्र में समेकित सूचना कार्यक्रम आयोजक विद्यालय द्वारा प्रविष्ट की गई थी।

इन आयोजित कार्यक्रमों के दौरान भामाशाहों द्वारा विद्यालय विकास हेतु दी गई नकद राशि, सामग्री व उसकी लागत राशि तथा विद्यार्थी को पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई राशि/सामग्री का विद्यालयवार विवरण प्राप्त करने हेतु शाला दर्पण पर एक संशोधित प्रपत्र प्रारंभ किया गया है जिसमें आवश्यक सूचनाएँ अंकित की जावेगी। इन अंकित की जाने वाली सूचनाओं का पूर्व में अंकित की गई सूचनाओं से मिलान किया जावेगा।

### सूचनाएँ इन्द्राज करने हेतु पूर्व तैयारी–

1. सर्वप्रथम आयोजक विद्यालय द्वारा अप्रेल–मई में शाला दर्पण पर लिंक Shaladarpan->School Login->School->Community Engagement-> ANNUAL FUNCTION-PRIZE DISTRIBUTION FUNCTION AND ALUMNI-BHAMASHAH MEET FORMAT FOR AADARSH UTKRISTH SCHOOLS लिंक के माध्यम से सूचनाओं की प्रविष्टि की गई है।
2. बिन्दु संख्या एक में वर्णित लिंक द्वारा सिर्फ आयोजक विद्यालय द्वारा प्रविष्टि की जानी थी। आयोजक विद्यालय को कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यालयों की सूचना का समेकित करके प्रविष्टि की जानी थी। अतः आयोजक विद्यालय समेकित सूचना अद्यतन करें।
3. ऐसे विद्यालय जिन्होंने अन्य आयोजक विद्यालय में जाकर कार्यक्रम भाग लिया तथा उन्होने प्रविष्टि नहीं करनी थी। अतः ऐसे विद्यालयों द्वारा यदि प्रविष्टि कर दी गई है तो उन्हें अपनी प्रविष्टि को निरस्त करवाना है। इस संदर्भ में विद्यालय शाला दर्पण हेल्प सेन्टर पर मेल करें।

www.rajteachers.com

4. बिन्दु संख्या एक में वर्णित लिंक द्वारा सिर्फ आयोजक विद्यालय द्वारा प्रविष्टि में भाग लेने वाले विद्यालयों की संख्या सही नहीं भरी हुई है कृपया अपडेट करें।

5. उक्त प्रपत्र में दान के तीन प्रकार से सम्बन्धित सूचनाएँ थी। प्रथम– विद्यालयो को प्राप्त राशि, द्वितीय–विद्यालयो को प्राप्त सामग्री तृतीय विद्यार्थियों हेतु प्राप्त राशि/सामग्री। अतः बिन्दु अनुसार यदि पूर्व में भरी गई सूचनाओं को अद्यतन करने की आवश्यकता है तो प्रपत्र में पूर्व सूचनाओं को अद्यतन करें।

6. पीईईओ या आयोजक विद्यालय उपरोक्त भरी गई समेकित सूचनाओं को निम्न प्रपत्र में विद्यालय व भामाशाह के अनुसार सूचनाएँ तैयार करें। बिन्दु संख्या 2 में अंकित तीनों प्रकार की सूचनाओं को दो भाग (भामाशाह द्वारा की गई घोषणा तथा उस घोषणा में से भामाशाह से प्राप्त राशि) में बांटकर कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यालयों हेतु प्रत्येक विद्यालय व भामाशाह वार सूचनाएँ अंकित करें। यदि किसी भामाशाह/दानदाता ने दो विद्यालय हेतु राशि/सामग्री प्रदान की है या घोषणा की है तो भामाशाह का विद्यालयवार दो बार अंकन करें।

| क.सं. | विद्यालय का नाम शाला दर्पण आईडी सहित | भामाशाह का नाम विवरण मोबाइल नम्बर, वर्तमान कार्यक्षेत्र, पद इत्यादि सहित | नकद राशि | | विद्यालय विकास हेतु कार्य/सामग्री की लागत राशि | | विद्यार्थियों हेतु प्रदान की गई राशि/सामग्री की लागत राशि | | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | घोषणा | घोषणा में से प्राप्त राशि | घोषणा | घोषणा में से प्राप्त राशि | घोषणा | घोषणा में से प्राप्त राशि | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |

**उदाहरणार्थ–** यदि किसी भामाशाह ने कार्यक्रम के दिन नकद राशि प्रदान कर दी है तो वह भामाशाह द्वारा की गई घोषणा व प्राप्त राशि दोनों में इन्द्राज होगी। अर्थात् उस भामााशाह से किसी प्रकार की राशि भविष्य में प्राप्त नहीं करनी है। या किसी भामाशाह ने 50 कुर्सी व टेबल देने की घोषणा की जो अभी तक प्राप्त नहीं हुई है तो उसकी लागत राशि के आधार पर घोषणा में लिखी जावेगी तथा प्राप्त राशि में शून्य लिखा जावेगा या कार्यक्रम के दिन भामाशाह ने विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार के रूप में राशि प्रदान की तथा 50 विद्यार्थियों को स्कूल बैग प्रदान करने की घोषणा की तो विद्यार्थियों के प्रदान की जाने वाली राशि/सामग्री की घोषणा वाले कॉलम में दी गई राशि तथा स्कूल बैग्स की लागत राशि जोडकर लिखनी है तथा प्राप्त राशि में दी गई राशि लिखी जावेगी।

7. पीईईओ बिन्दु संख्या 3 में वर्णित प्रपत्र में भरकर तैयार करें जिसे शाला दर्पण के लॉगिन के माध्यम से इन्द्राज करें। इसका योग पूर्व में बिन्दु संख्या 1 में वर्णित लिंक द्वारा भरी गई सूचनाओं के योग बराबर होना चाहिए यदि पूर्व प्रपत्र में संशोधन किया जाना है। तो आवश्यक रूप से संशोधन करें।


# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, एकलव्य भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017


दूरभाषः 0141–2715551 E-mail: csr.edu.raj@gmail.com

## शाला दर्पण पर पूर्व सूचनाएँ अद्यतन करने व नवीन सूचनाएँ अंकित करने हेतु प्रक्रिया–

1. बिन्दु संख्या–3 की सूचना तैयार होने के बाद शाला दर्पण लॉगिन से विद्यालय वार सूचना भरने की प्रक्रिया निम्न प्रकार है–
2. सर्वप्रथम शाला दर्पण पर Shaladarpan->School Login->School->Community Engagement-> School wise Donation details in Annual Function & Alumni Meet लिंक पर क्लिक करें।
3. यह लिंक उन्हीं विद्यालय हेतु चालू हो जिन्होने पूर्व में एंट्री की है। जिस पर नीचे दर्शाये अनुसार मैसेज दिखाई देगा। वे विद्यालय जिन्होने पूर्व में सूचनाएँ अंकित की है वे बटन Continue पर क्लिक करें। अन्य विद्यालय Go To Home बटन पर क्लिक करें।




4. प्रपत्र पर पूर्व में भरी गई सूचनाएँ प्रदर्शित होगी यदि वे उसे संशोधित/अपडेट करना चाहते है तो Edit Details Here बटन पर क्लिक करें तो पूर्व में भरी गई सूचनाओं वाला प्रपत्र ओपन हो जावेगा।



# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, एकलव्य भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017
दूरभाषः 0141–2715551 E-mail: csr.edu.raj@gmail.com

5. संशोधन हेतु प्रदर्शित प्रपत्र में सूचनाएँ संशोधन पश्चात् सबमिट कर सेव करें।




आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालय योजना अन्तर्गत चयनित राजकीय विद्यालयों में आयोज्य वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह तथा पूर्व विद्यार्थी एवं दानदाता सम्मेलन (Alumni Meet) की जानकारी शाला दर्पण पर अपडेट किये जाने हेतु प्रपत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| जिला : - | ALWAR | ब्लॉक : - | BANSUR |
| पीईईओ का नाम :- | | पद :- | |
| पीईईओ/शहरी विद्यालय : - | | मोबाइल नंबर : - | |

**आयोजक विद्यालय का विवरण :-**

| | |
|---|---|
| आयोजक विद्यालय का नाम | DEEWAN GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL HAJIPUR (216355) |
| विद्यालय का प्रकार | Aadarsh |
| विद्यालय का शाला दर्पण कोड | 216355 |
| संस्था प्रधान का नाम | MAHENDAR KUMAR MEENA |
| संस्था प्रधान का मो. नं. | 8104587262 |
| वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजन की दिनांक | 26-02-2020 |

6. पूर्व प्रपत्र में सूचनाऐं अद्यतन पश्चात विद्यालय व भामाशाह वार सूचनाएँ भरने के लिए बिन्दु संख्या 6 व 7 अनुसार प्रपत्र ओपन करें तथा सर्वप्रथम प्रदर्शित पत्र के भाग–1 में भामाशाह का विवरण अंकन करें।



**उपरोक्त वर्णित राशि/सम्मान का भामाशाह/दानदाता अनुसार विवरण अंकित करें** (**Please fill/enter NA for empty fields and 0 (zero) for numeric value)

**(1) दानदाता/भामाशाह का विवरण**


| | | | |
|---|---|---|---|
| Ttile | श्री / श्रीमती / कुमारी | Session | 2019-20 |
| Name (English) | | Name (Hindi) | |
| Current Occupation | --Select-- | Institute/Organization Name | |
| Current Working Place | | Current Post in Organization | |
| Mobile | | Email | |
| Year of Passing out/Studying | | | |

8. यदि भामाशाह वार पूर्व में किसी राजकीय विद्यालय का पूर्व छात्र रहा है तो Year of Passing out/Studying कॉलम में भामाशाह राजकीय विद्यालय में पढने/छोडने का वर्ष चार अंको में इन्द्राज करें।


# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, एकलव्य भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017
दूरभाष: 0141–2715551 E-mail: csr.edu.raj@gmail.com


7. उसके उपरान्त भाग–1 में वर्णित भामाशाह द्वारा प्रदान राशि/सामग्री की लागत राशि के इन्द्राज करने हेतु भाग–2 में सर्वप्रथम विद्यालय का शाला दर्पण कोड लिखें। कोड लिखने के बाद अगले कॉलम में जाने पर विद्यालय का नाम प्रदर्शित होगा जिससे यह सुनिश्चित कर ले कि सलेक्ट विद्यालय वहीं है जिस हेतु एंट्री की जानी है।




8. भाग–2 में बिन्दु संख्या–3 के अनुसार तैयार सूचनाओं के आधार पर तीन प्रकार में से एक प्रकार का चयन करें।



9. भामाशाह द्वारा विद्यालय हेतु की गई घोषणा की राशि/लागत राशि तथा उसमें से विद्यालय को प्राप्त राशि/सामान की लागत राशि का इन्द्राज करें। दोनों के आधार पर भामाशाह द्वारा भविष्य में दी जाने राशि गणना के आधार पर प्रदर्शित होगी।




10. उसी भामाशाह द्वारा उसी विद्यालय का हेतु द्वितीय प्रकार की सूचना इन्द्राज करने तथा दूसरे विद्यालय हेतु सूचना इन्द्राज करने के लिए बटन Add Row पर क्लिक करें।

11. बिन्दु संख्या 8,9 व 10 के अनुसार एक भामाशाह द्वारा विभिन्न विद्यालयों हेतु की गई घोषणा तथा विद्यालय को प्राप्त हो चुकी राशि का विवरण अंकित करें। भामाशाह के सम्बन्ध में भरी गई सूचनाएँ नीचे एक साथ प्रदर्शित होगी। यदि किसी भी सूचना में गलती होने पर उस पंक्ति के अन्त प्रदर्शित डिलीट बटन द्वारा डिलीट कर पुनः अंकित करें।

| Sr.No. | School | Donation Type | Announcement | Received | Action |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL BHAWALIYA (224368) / राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भावलिया (224368) | नकद राशि (विद्यालय विकास हेतु) | 5100 | 5100 | 🗑 |
| 2 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL BHAWALIYA (224368) / राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भावलिया (224368) | विद्यालयों के विकास हेतु प्रदान सामग्री/कार्य हेतु घोषणा की अनुमानित लागत राशि | 51000 | 21000 | 🗑 |
| 3 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL BHAWALIYA (224368) / राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भावलिया (224368) | विद्यार्थियों हेतु प्राप्त राशि + प्राप्त सामग्री की लागत राशि | 500 | 250 | 🗑 |
| 4 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL SARSI (224367) / राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरसी (224367) | नकद राशि (विद्यालय विकास हेतु) | 5100 | 3000 | 🗑 |


Lock Donor Details | Cancel

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, एकलव्य भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017

दूरभाषः 0141–2715551 E-mail: csr.edu.raj@gmail.com

12. एक भामाशाह का विवरण व सभी विद्यालयों से सम्बन्धित सूचनाओं का विवरण अंकित करने के उपरान्त तथा सही होने की पुष्टि के बाद लिस्ट के नीचे प्रदर्शित बटन Lock Donor Details पर क्लिक कर सूचनाओं को Save करें।
13. बिन्दु संख्या 12 के अनुसार Lock करने पर सभी सूचनाएँ पेज पर नीचे की ओर डोनेशन प्रकार अनुसार अलग–अलग प्रदर्शित हो जावेगी। जिसे आप आवश्यकतानुसार संशोधित व डिलिट कर सकते है।



नकद राशि (विद्यालय विकास हेतु) — Remaining Amount = ₹7,200.00

| Sr.No. | Donation To | Title | Donor Name | Mobile | Email | भामाशाह द्वारा घोषणा की राशि/ लागत राशि (Rs.) | घोषणा में से प्राप्त राशि/ लागत राशि (Rs.) | घोषणा व प्राप्त राशि का अंतर (Rs.) | Action |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL BHAWALIYA (224368) | श्री | PRS / पी आर एस | 9999999985 | xxxx.2@X.COM | 5100 | 2100 | 3000 | Edit Delete |
| | Total | | | | | ₹5,100.00 | ₹2,100.00 | ₹3,000.00 | |

विद्यालयों के विकास हेतु प्रदान सामग्री/कार्य की अनुमानित लागत राशि — Remaining Amount = ₹1,51,000.00

| Sr.No. | Donation To | Title | Donor Name | Mobile | Email | भामाशाह द्वारा घोषणा की राशि/लागत राशि (Rs.) | घोषणा में से प्राप्त राशि/ लागत राशि (Rs.) | घोषणा व प्राप्त राशि का अंतर (Rs.) | Action |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL BADAWALI (224369) | श्री | PRS / पी आर एस | 9999999985 | xxxx.2@X.COM | 100000 | 51000 | 49000 | Edit Delete |
| | Total | | | | | ₹1,00,000.00 | ₹51,000.00 | ₹49,000.00 | |


14. साथ ही डोनेशन प्रकार के सामने दांयी ओर कितनी राशि की सूचना का इन्द्राज करनी है भी प्रदर्शित होगी। अर्थात् पूर्व प्रपत्र में प्रविष्ट की गई राशि और नये प्रपत्र में की गई प्रविष्टि में कितना अन्तर है प्रदर्शित जोगा।
15. इसी प्रकार बिन्दु संख्या 6 से 12 का उपयोग कर सभी भामाशाहों का विद्यालयवार प्रदान की राशि या सामग्री की लागत राशि का विवरण विद्यालय वार इन्द्राज करें।

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, एकलव्य भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017
दूरभाषः 0141–2715551 E-mail: csr.edu.raj@gmail.com

**राज्य, जिला, ब्लॉक हेतु सूचना प्रविष्टि की मॉनिटरिंग रिपोर्ट–**

1. पूर्व में आयोजक विद्यालयों द्वारा प्रविष्ट की गई सूचनाओं की रिपोर्ट शाला दर्पण के राज्य, जिला व ब्लॉक स्तर पर विद्यालय अनुसार प्रदर्शित की हुई है। कृपया जिला व ब्लॉक कार्यालय अपने–अपने क्षेत्र के विद्यालयों में वर्ष 2019–20 में आयोजित किये गये **वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह तथा पूर्व विद्यार्थी व संभावित दानदाता सम्मेलन** से सम्बन्धित रिपोर्ट शाला दर्पण पर राज्य/जिला व ब्लॉक लॉगिन पर उपलब्ध है। रिपोर्ट देखकर प्रविष्टियों में आवश्यक संशोधन विद्यालय से करवाना सुनिश्चित करें।




2. भामाशाह व दानदाता द्वारा विद्यालयों को प्रदान की गई राशि को भामाशाह व विद्यालयवार प्रविष्टि हेतु प्रारंभ किये प्रपत्र की प्रगति रिपोर्ट शाला दर्पण पर राज्य जिला व ब्लॉक लॉगिन पर COMMUNITY ENGAGEMENT में **एलुमिनाई मीट दानदाता व विद्यालयवार सूचना प्रविष्टि प्रगति रिपोर्ट** लिंक के माध्यम से उपलब्ध है। सभी राज्य जिला व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय इस रिपोर्ट के माध्यम से अपने क्षेत्र के विद्यालयों द्वारा की गई प्रविष्टियों की प्रगति देख सकते है।

www.rajteachers.com